Mr. Speaker: We will now take up further consideration of the motion moved by Shri Lal Bahadur Shastri.

Shri Subodh Hansda: Sir, on a point of order.

Shri Hathi: Sir, my motion has not been put to the vote.

Mr. Speaker: The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Working Journalists (Conditions of Service) and Miscellaneous Provisions Act, 1955 and the Working Journalists (Fixation of Rates of Wages) Act, 1958."

The motion was adopted.

Shri Hathi: Sir, I introduce the Bill.

13.25 hrs.

MOTION *RE:* REPORT OF SCHEDULED AREAS AND SCHEDULED TRIBES COMMISSION—*Contd.*

Mr. Speaker: The House will now take up further consideration of the motion moved by Shri Lal Bahadur Shastri regarding the Report of the Scheduled Areas and Scheduled Tribes Commission. Out of five hours allotted for this discussion, two hours have already been taken.

Shri Subodh Hansda (Jhargram): Sir, I raise a point of order. It has been stated, just now that out of the five hours allotted only two hours have been taken up yesterday. Now we have got only 2½ hours left with us, which will make it 4½ hours.

Mr. Speaker: What does he want? Where is the point of order?

Shri Subodh Hansda: My point of order is that though it has been announced that five hours have been allotted for this discussion, we will now get only about four hours for the discussion of this Report. So, I would suggest that it should be postponed to the next session.

Mr. Speaker: Shri Ganpati Ram may continue his speech.

श्री गणपति राम (मछली शहर) : अध्यक्ष महोदय , मैं कल यह कह रहा था कि देहरादून का जानसार बाबर इलाका और मिरजापुर का पहाड़ी इलाका जिस को कि ब्रिटिश सरकार ने शैड्यूल्ड एरिया करार दिया हुआ था स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमारी सरकार ने शैड्यूल्ड एरिया करार नहीं दिया है । ब्रिटिश सरकार के वक्त में उस एरिया को स्पेशल सेफगार्ड देकर के उसकी तरक्की का काम किया जाता था लेकिन हमारी सरकार जो कि वैलफेयर स्टेट कायम करने जा रही है और उसके लिये उसने एक प्रोग्राम भी बनाया हुआ है, इस इलाके को शैड्यूल्ड एरिया भी करार नहीं देती है । उत्तर प्रदेश की सरकार अपने शब्दों ही में और बैकवर्ड क्लासिज कमिशन के शब्दों में तथा शैडयूल्ड ट्राइब्ज कमिशन के शब्दों में इस बात को कबूल करती है कि उसको मान्यता प्रदान करने से एक समस्या खड़ी हो जाएगी । मैं समझता हूं कि शैड्यूल्ड कास्ट्स, शैड्यूल्ड ट्राइब्ज और बैकवर्ड क्लासिस की समस्या एक राष्ट्रीय समस्या है और इसको साइड-ट्रैक करके, इसको दूर रख कर, इस देश के पिछड़े हुए समाज के साथ आप इंसाफ नहीं करेंगे ।

उपाध्यक्ष महोदय , शैडयूल्ड ट्राइब्ज और शैडयूल्ड एरियाज की समस्या कोई सामाजिक समस्या नहीं है बल्कि यह तो शैक्षिक और आर्थिक समस्या ही है । लेकिन जहां तक हरिजनों का सम्बन्ध है, उन की संख्या सात आठ करोड़ के करीब है और उन के साथ सामाजिक समस्या भी लगी हुई है, उन के साथ छुआछूत भी होता है । जहां तक शैड्यूल्ड ट्राइब्ज का सम्बन्ध है , उन के साथ यह छुआ छूत की समस्या नहीं है । उनकी समस्या तो यह है कि उनका आर्थिक विकास कैसे किया जाये , शैक्षिक विकास कैसे किया जाए और यदि ये दोनों चीजें

हल हो जाती हैं तो उनकी समस्या बहुत कुछ हल हो गई समझी जा सकती है । जहां तक उन के आर्थिक विकास का सम्बन्ध है, माननीय सदस्यों ने सुझाव दिया हैं कि उन के लिए काटेज इंडस्ट्रीज और स्माल स्केल इंडस्ट्रीज शुरू की जानी चाहिये । हमारे गृह मंत्री महोदय ने भी अपने भाषण में इस बात का आश्वासन दिया है । और साथ ही साथ कहा है कि जो प्लानिंग कमिशन ने इस बात को मंजूर कर दिया है कि उन के लिये १२० ब्लाक नए खोले जायें तकि उनका सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास हो सके । मैं बड़े नम्र शब्दों में निवेदन करना चाहता हूं कि पिछले पंद्रह वर्षों में भी स्थिति का अध्ययन करने के बाद आज आप इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि उन के साथ इंसाफ नहीं हुआ है और इंसाफ किया जाना चाहिये । इस नाते अगले पं ह वर्ष का समय हमारे गृह मंत्री इस कार्य केंद्र लिये चाहते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि इन पन्द्रह वर्षों में भी हमारी केन्द्रीय सरकार, हमारा केन्द्रीय मंत्रालय और हमारे अफसर अगर अच्छी तरह से ध्यान देते रहें तब तो कुछ हो सकेगा अन्यथा कुछ नहीं हो जसकेगा । आपको देखना चाहिये कि जो ग्रांट दी जाए, जो लोन दिया जाए, जो फंड स्टेट्स के डिसपोजल पर रखे जायें, उनका यूटिलाइजेशन हो और पूरे तरीके से हो । आज तक तो यह देखने में आया है कि हर साल जो रुपया एलाट किया जाता रहा है, वह पूरे का पूरा खर्च नहीं होता और प्रायः देखा गया है कि प्रान्तीय सरकारें, उस में से आधा या तीसरा हिस्सा लौटा दिया करती हैं । अगर यही हालत चलती रही तो शैड्यूल्ड एरियाज और शैड्यूल्ड ट्राइब्ज का जो उत्थान सरकार करना चाहती है और जो एक राष्ट्रीय समस्या हमारे सामने बनी बनी हुई है, वह समस्या तो हल नहीं हो सकेगी और उसके बदले में यह समस्या और भी विकट रूप धारण कर लेगी ।

मैं कहना चाहता हूं कि आर्थिक विकास के साथ साथ अगर आप शैड्यूल्ड ट्राइब्ज और शैड्यूल्ड एरियाज में खास तौर से शैक्षिक विकास करें, अगर उनको एजुकेशन दे दें, उन के अंदर समझदारी पैदा कर दें तो बहुत कुछ उन की समस्यायें हल हो सकती हैं । खास तौर से हमारे शिड्यूल्ड ट्राइब्ज के मेम्बरों का ध्यान इस तरफ भी है कि उन के बीच जो नान-आफिशियल संस्थाएं काम करती हैं, उनको जो हर साल सरकार की तरफ से ग्रांट-इन-एड मिलती है' उसका ठीक उपयोग नहीं होता । इसलिए मैं सरकार से नम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहूंगा कि जिन संस्थाओं को जो ग्रांट-इन-एंड मिलती है उस पर ठीक तरीके से निगरानी होनी चाहिए और जो उसका ठीक तरह से यूटीलाइजेशन न करे उस के खिलाफ एक्श न लिया जा ना चाहिए ।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि उनकी माली हालत को सुधारने के लिए हमारे संविधान में जो उन के लिये सरविसेज में सेफगार्ड हैं उसका पूरी तरह से इम्पलीमेंटेशन होना ही चाहिये । आज देखा जाता है कि संविधान के नियमों के अनुसार उन के कोटे को पूरी तरह से फिलअप नहीं किया जाता । सरकार ने संविधान को कार्यान्वित करने के लिये एक कम्युनल रोस्टर बना रखा है ताकि इनको सरविसेज में संरक्षण दिया जा सके लेकिन मंत्रालयों में बड़े बड़े अफसर उसका गलत तरीके से इंटर प्रिटेशन करते हैं और इन लोगो को मिलने वाली नौकरियां दूसरों को दे दी जाती हैं । तो मैं निवेदन करना चाहता हूं कि उनको नौकरियां में संरक्षण देने के नियमों का पूर्ण तरीके से पालन करना चाहिए, और सरकार ने जो रिजरवेशन इन प्रोमोशन दिया है, जिसका कुछ संकेत गृह मंत्री महोदय ने भी दिया था, उस पर पूरी तरह से निगरानी रखी जानी चाहिए ।

कुछ सदस्यों ने यह भी कहा है कि अगर आप उनको बसाना चाहते हैं और उनकी तरक्की करना चाहते हैं....

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. There are about 40 hon. Members who are anxious to speak. So, hon. Member will not take more than seven minutes.

Shri Ganpati Ram: Only two minutes more, Sir. I have some suggestions to make.

Shri Sonavane (Pandharpur): At least ten minutes should be given.

Mr. Deputy-Speaker: I have not got ten minutes to give. What am I to do?

श्री गणपति राम : केवल दो मिनट और लगेंगे ।

केन्द्रीय सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिस से उन के भूमि के अधिकारों को और उन के जंगल की सम्पति के उपभोग के अधिकारों को संरक्षण मिल सके। कल एक माननीय सदस्य ने कहा था कि संविधान लागू होने से पहले उनको जंगल की सम्पति का उपभोग करने, मछली मारने आदि के अधिकार प्राप्त थे। यदि आज वैलफेयर स्टेट उन के उन अधिकारों को भी छीन ले तो उन को कितना कष्ट होगा। इस नाते मैं कहूंगा कि केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारों को सलाह दे कि उनको डैट रिडेम्पशन का कानून इन लोगों को सूदखोरों से बचाने के लिये बनाना चाहिए, और लैंड लेजिस्लेशन और फारेस्ट लेजिस्लेशन पास करना चाहिए ताकि इनकी समस्याएं हल हो सकें ।

मैं ज्यादा समय न लेते हुए यह सुझाव देना चाहता हूं कि उनकी तरक्की और विकास के लिए केन्द्र में एक अलग मंत्रालय और सचिवालय होना चाहिये जो इन चीजों की देख भाल करे और देखे कि जो रुपया इन के लिए दिया जाता है उसका ठीक उपयोग होता है या नहीं ।

Mr. Deputy-Speaker: Shri Dhuleshwar Meena.... Absent. Shri Sonavane. I shall be calling upon the hon. Minister to reply at 3 O'clock. Hon. Members shall not take more than seven minutes each.

Shri Sonavane: We will not be able to make any point within this period.

Mr. Deputy-Speaker: It cannot be helped. We have no time.

Shri Dasaratha Deb (Tripura East): Seven minutes only?

Mr. Deputy-Speaker: Yes. We have got only an hour and a half now.

Shri Basumatari (Goalpara): We had taken two hours only yesterday.

Mr. Deputy-Speaker: From now on we have only an hour and a half and at best only six to seven hon. Members can speak.

Shri Basumatari: Yesterday three hours were left.

Mr. Deputy-Speaker: Shri Sonavane.

Shri Sonavane: Sir, at the outset I would like to congratulate the Commission on a unanimous report. The Report is well-studied and was completed and presented well before the scheduled time. The members of this Commission were eleven in number out of which five came from the Tribal communities. There was no dissident voice in this Report and I thought that the members, particularly the Tribal members, were satisfied with the findings of this Commission. Because there was no-dissenting note no separate plan or scheme was envisaged and they were satisfied with the study and this plan.

This Commission was headed by our revered Member of this House, Shri Dhebar, who is a hard worker, a good social worker and a man who has worked among he backward classes. He had put his mind, heart and soul in the work of this Commission. But I feel that if a man from the Tribal communities had been put as the head of this Commission it would have been more welcome. If the majority of the members of this Commission had been Tribals it would have given still greater satisfaction to the Tribal com-

munities as a whole. I do not cast any aspersion on the members of this Commission but I feel that if the composition of the personnel had been such, it would have been greatly appreciated.

In the note placed in our hands on the record of conclusions reached at the Conference of State Ministers in charge of Backward Classes held on the 26th and 27th July 1962 there are about 64 operative recommendations in number of which 24 have been unconditionally accepted and 6 have been accepted with some reservations. The total number of recommendations accepted comes to 30 and about the remaining 31 recommendations they have got to say something or the other. I would have been happy if all the operative recommendations of the Commission had been unreservedly accepted and implemented by the Government.

Now, I would refer to the recommendations and the conclusions of the Ministers for Backward Classes. I would first come to recommendation 4(a) which reads as follows:—

"It will be helpful if the Chief Minister is the Chairman of the Tribes Advisory Council: in any case, the Chairman should be a person who has influence over all Departments."

The conclusion reached is:—

"It was agreed that it would be very useful if the Chief Minister could be the Chairman: but the matter was left to be decided by each State Government."

I do not understand the working of the mind of the Ministers who discussed all these recommendations. Where was the harm if the Chief Minister was placed at the head of the Tribes Advisory Council? It would have added great weight and he could have understood what recommendations and schemes have been formulated, what the progress is, whether the work is accelerated or not and whether the physical targets have been achieved or not. That would have been a great asset. We know that several schemes and plans are there but there is weakness and laxity in implementing those schemes. Therefore it would have been a great asset if the Chief Minister was there as the Chairman of the Tribes Advisory Council. It should not have been left to the wishes of the State Governments. That is my observation about this.

I would now go to recommendation 12(a) which says:—

"In the States with a tribal population of one million and above there should be a Minister exclusively in-charge of the portfolio of Tribal Welfare."

The conclusion reached is:—

"The Conference was not in favour of accepting this recommendation."

I say why? It is our demand, the demand of the Backward Classes, Scheduled Tribes and Scheduled Castes, that as now there is no separate Ministry at the Centre for these people, at least. . . .

An Hon. Member: That has not been accepted by the Government.

Shri Sonavane: That is what I am referring to. I am laying stress on knowing why it has not been accepted and why there is this suspicion on appointing a separate Minister for the Scheduled Area, if not a Scheduled Tribes Minister, for a population of over a million in a scheduled Area. I think that Government should reconsider this conclusion and arrive at a very satisfactory decision in consonance with the recommendation of the commission.

Then, recommendation No. 12(d) reads thus:

"A small committee of officials from the Tribal Welfare Department and the different Development ments should be set up at the State level to ensure co-ordination and effective implementation of programmes.".

[Shri Sonavane]

I am happy that this recommendation has been accepted. But as I pointed out earlier, there is great laxity in implementation and coordination. Now that this recommendation has been accepted, I am looking forward to effective implementation and coordination and the happy consummation of all the schemes that we have laid down in the Third Five Year Plan.

Then, I find that recommendations Nos. 12 (e) and 12 (f) have also been accepted by the conference. These are intended to ensure speedy execution of schemes.

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member should conclude now.

Shri Sonavane: I shall take just two minutes more.

Mr. Deputy-Speaker: I am sorry. There are about 37 Members still waiting to speak.

Shri Sonavane: There is a great sense of dissatisfaction about the non-speedy execution of schemes at present, for, unless all these schemes are speedily executed, the schemes would remain only on paper, and any haphazard or half-hearted attempt at implementation would not satisfy the people for whom they are meant, and only a lot of money would be wasted in the process.

In regard to recommendation No. 13 (b), I am happy that it has been accepted that the Governor in his report to the President should invariably give an assessment of the work of every institution which is receiving a grant of Rs. 25,000 in a year. This is absolutely essential, because at present a lot of money is wasted by the various voluntary agencies and other organisations in the course of implementation.

In regard to recommendation No. 15, I find that. . . .

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member should conclude now.

Shri Sonavane: I shall say just one sentence more.

Mr. Deputy-Speaker: He should conclude now. Shri Bade.

Shri Ram Sewak Yadav (Bara Banki): Mr. Deputy-Speaker, Sir, on a point of order. I want to make one submission.

उपाध्यक्ष महोदय, ५ तारीख को इस सदन मे जब बाढ़ पर चर्चा चल रही थी तो बागड़ी साहब ने कहा था कि प्रधान मंत्री पर एक दिन में २५००० रुपये खर्च. . . .

Mr. Deputy-Speaker: That chapter is closed now. That point has been raised already and it has been decided upon. There is no point of order. The hon. Member should resume his seat.

Shri Ram Sewak Yadav: I am requesting the Deputy-Speaker to reconsider his ruling.

Mr. Deputy-Speaker: Order, order. It canot be done now.

Shri N. N. Patel (Nulsar): Why should the hon. Member take up the time of the House in this manner?

Shri Basumatari: Our time is being taken away by the hon. Member.

Shrimati Renuka Ray (Malda): This discussion should be extended to the next session.

Shri Sonavane: I have not finished yet.

Mr. Deputy-Speaker: I have called Shri Bade already. I am very sorry.

Shri Sonavane: Could I not have some time to offer some concluding remarks? The concluding remarks are very important.

Mr. Deputy-Speaker: The hon. Member may please resume his seat. Now, Shri Bade.

श्री बड़े (खारगोन) : उपाध्यक्ष महोदय, अनुसूचित क्षेत्र और अनुसूचित आदिमजाति आयोग की रिपोर्ट जो कि

२० नवम्बर १९६१ को सभा की टेबल पर रक्खी गई थी, उस पर कल से सदन में विचार हो रहा है। मैं श्री ढेबर भाई को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इतना परिश्रम करके ऐसी सुन्दर और विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। उस में उन्होंने विस्तार से आदिवासियों की तमाम समस्याओं को बड़े सुन्दर ढंग से रक्खा है और उन के समाधान के हेतु उपाय भी सुझाये हैं।

अभी एक माननीय सदस्य ने ढेबर भाई की रिपोर्ट को कहा है कि यह गीता और बाइबिल है। मैं भी इसको गीता और बाइबिल समझता हूं लेकिन जिस तरह से बाइबिल में हांलाकि अहिंसा का तत्व दिया हुआ है लेकिन बाइबिल के मानने वाले हिंसक हो गये हैं। उसी तरह से इस रिपोर्ट के सुझावों और सिफारिशों को जो इम्प्लीमेंट करने वाले हैं वह भी उस के विपरीत आचरण करते हैं। अब बाइबिल में तो लिखा है कि अगर तुम्हारे एक गाल पर कोई तमाचा मारे तो तुम उस के आगे दूसरा गाल कर दो लेकिन आज क्या हालत बन रही है ? बाइबिल के मानने वाले अहिंसा का मूल तत्व जो कि बाईबिल मे निहित है उसे छोड़ कर वाएलेंस में आ गये हैं। वे हिंसक बन गये हैं। जिस तरह से बाइबिल के विपरीत आचरण हो रहा है ठीक वही बात इस रिपोर्ट के अमल के सम्बन्ध में हो रही है। गीतावाद होते हुये भी इस पर ठीक से अमल नहीं हो रहा है।

अब इस रिपोर्ट में जो आदिवासी शब्द प्रयुक्त हुआ है तो यह कुछ ठीक नहीं है बल्कि इन के लिये उपयुक्त शब्द वनवासी होना चाहिये क्योंकि ये लोग वन में रहते हैं। अब इस आदिवासी शब्द से कुछ अलगाव की भावना उत्पन्न होती है जैसे कि हम और वह अलग हों। इसलिये मेरा सुझाव है कि उनको आदिवासी न कह कर वनवासी कहना चाहिये।

जिस क्षेत्र से मैं चुन कर आया हूं वहां पांच सीट्स विधान सभा में आदिवासियों की हैं और तीन सीट्स स्वर्ण लोगों की हैं। इस तरह से आप देखेंगे कि हमारे क्षेत्र में मेजारिटी आदिवासियों की है। मुझे आदिवासियों के बीच में रह कर काम करने का अवसर मिलता है और मैं उनकी दिक्कतों और समस्याओं से भली प्रकार परिचित हूं। उनकी मुख्य समस्या इनडेटिडनेस और लैंडलेसनेस की है। कमिशन की रिपोर्ट में भी यही चीज कही गई है। यह लोग कर्जे में डूबे हुये हैं और उसके साथ ही भूमिहीन भी हैं। जब वह भूमि के लिये फौरेस्ट डिपार्टमेंट के पास जाते हैं तो फौरेस्ट डिपार्टमेंट उन को शत्रु सरीखा मानता है। कमिशन ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि फौरेस्ट डिपार्टमेंट इन जंगलों में बसने वाले आदिवासियों को दुश्मन समझता है। इसी तरह यह आदिवासी फौरेस्ट डिपार्टमेंट को अपना दुश्मन समझते हैं। दोनों एक दूसरे को अपना शत्रु मानते हैं। रिपोर्ट के पेज १३० पर यह दिया हुआ है :—

"We have come across cases where the forest departments have claimed as forest land on which not many trees were standing. For instance, in Spiti, they claimed practically the entire uncultivated area as forest. It was admitted to us, and we saw it ourselves, that in the 600 sq. miles of this area, there were hardly 600 trees.".

हमारे आदिवासियों ने कठोर श्रम करके और जंगलों को साफ करके मध्य प्रदेश में ३४,००० एकड़ जमीन को कृषि योग्य बना दिया है। धीरे धीरे उन्होंने जंगल साफ कर दिये हैं और वहां पर १०००० फैम्लीज बसी हुई हैं। अब आदिवासियों का मुख्य धंधा और कहना चाहिये कि एक मात्र धंधा कृषि ही है। खाली खेतीबाड़ी पर ही उनका जीवन निर्भर करता है। वहां

[श्री बड़े]

पर कोई भी स्मौल स्केल इंडस्ट्रीज नहीं हैं। उनको न लुहारी आती है न सुनारी आती है न वकीली आती है और न डाक्टरी आती है। वे केवल हल चलाना और खेती करना जानते हैं। इस बात की बहुत आवश्यकता है कि उस क्षेत्र में छोटे मोटे दस्तकारी उद्योग कायम किये जायें ताकि वे अपनी आर्थिक अवस्था सुधार सकें।

जंगलों को साफ करके और खेती योग्य जमीन बना कर आदिवासियों ने जिस ३४,००० एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया था और जिस पर कि १०,००० फैम्लीज आबाद हैं फौरेस्ट डिपार्टमेंट ने उन को इजैक्ट कर दिया है। मध्यप्रदेश गवर्नमेंट ने उन के झोंपड़े जला दिये हैं, तोड़ डाले हैं। उनके खिलाफ इजैक्टमेंट के केसेज चला दिये और उन के हल बैल हांक कर डिपो में ले गये। उनको बाहर निकाल दिया। मैं उन सफरर्स का एक डैपुटेशन भूपाल के मिनिस्टर के पास ले गया था।

यह इजैक्टमेंट की समस्या वहीं तक सीमित नहीं है। इगतपुरी में भी यही प्राबलम है। वहां भी आदिवासियों ने जंगल काट कर जो जमीन खेती के लायक बनाई थी और उस पर आबाद हो गये थे वहां से उनको निकाला गया। जब सरकार का ध्यान उधर आकृष्ट किया गया तो बम्बई की विधान सभा में फौरेस्ट मिनिस्टर ने उन को यह आश्वासन दिया कि १९५६ तक जिनका कब्जा फौरेस्ट पर है उन को हम पट्टे देंगे। इस के लिये मैं मध्य प्रदेश में मोर्चा लेकर गया था। कमिशन ने भी अपनी रिपोर्ट में उसी समस्या को डील किया है। इस ओर शासन को गम्भीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिये और उनको इस तरह बेदखल नहीं करना चाहिये। उन के पेट पर इस तरह से लात नहीं मारनी चाहिये। लेकिन प्रशासन द्वारा उधर ध्यान नहीं दिया जाता है। अब वहां तो स्थिति ही दूसरी है और फौरेस्ट डिपार्टमेंट आदिवासियों को शत्रु मानता है। आदिवासियों में इस के कारण घोर निराशा और असन्तोष व्याप्त है। वे तो कहते हैं कि अंग्रेज चले गये और कांग्रेस ने हुकूमत की बागडोर सम्हाल ली लेकिन उससे हमारी हालत में कुछ भी फर्क नहीं आया। कांग्रेस सरकार ने हमारे ऊपर अत्याचार करना शुरू कर दिया है। हमारी हालत ज्यों की त्यों है।

आदिवासियों के लिये छात्रालय की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। छात्रावास में आदिवासियों के लिये जगह नहीं है। केवल २५ लड़के उनके ले लिये जाते हैं। अब बाकी लड़के क्या करें? उन के लिये कोई इंतजाम नहीं है। वहां पर उनको केवल १८ रुपये प्रतिमास का स्कालरशिप दिया जाता है जो कि बहुत ही अपर्याप्त सिद्ध होता है और उस १८ रुपये में तो उन के चने आदि की भी पूर्ति नहीं होती है। आदिवासियों के लिये स्कालरशिप की रकम बढ़ानी चाहिये। इसी तरह से छात्रावास में ज्यादा लड़कों को प्रवेश मिलना चाहिये।

फौरेस्ट डिपार्टमेंट का उन के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिये इस के बारे में कि कमिशन ने रिपोर्ट के १३५ पेज में यह लिखा है :—

"This class for a partnership rather than an exclusive approach which arises from the policy enunicated in 1894 and 1952 and the manner in which it has been implemented. If this change comes about, the tribal can easily be won over to the view that the Forest Department is not his enemy, but a friend interested in helping him".

कमिशन ने बहुत ही सुन्दर नोट लिखा है ताहम हम देखते हैं कि राज्यों में फौरेस्ट्स डिपार्टमेंट्स आदिवासियों के शत्रु हो गये हैं और राक्षस की तरह उनको उखाड़ कर बाहर फक रहे हैं। अब अलावा खेती के दूसरा उनके पास कोई धंधा है नहीं। उनके लिये

कोई स्मोल स्केल इंडस्ट्रीज नहीं हैं। वे कर्ज़ मे डूबे हुये हैं। वे १०० रुपया कर्ज़ चाहते हैं तो शासन उनको केवल ३ रुपये तकावी के रूप में देता है, तीन रुपये कोआपरेटिव सोसाइटी से मिलते हैं और लाचार होकर उसको शेष ९४–९५ रुपये के लिये साहूकार और महाजन के पास हाथ फैलाना होता है और जिसका कि नतीजा यह होता है कि वह कर्ज के बोझ के नीचे सदा के लिये दब जाते हैं। इस कारण एग्रीकल्चरल डेट रिलीफ़ बिल पास करने की मांग की जाती हैं, लेकिन मध्य प्रदेश में अभी तक वह कानून पास नहीं किया गया है। रेगुलेशन के बारे में कहा जाता है कि वह आज आयगा, कल आयेगा, परसों आयगा। लेकिन उस के लिये रेगुलेशन भी नहीं निकाला गया है।

कमिश्नर आफ़ शिड्यूल्ड कास्ट्स एंड शिड्यूल्ड ट्राइब्ज की रिपोर्ट के पेज १२ पर लिखा है :

"That findings reveal that in the northern, central and western zones 58 per cent to 65 per cent of the tribal families were in debt. The percentage of indebted families varied from zone to zone. The worst affected zone was the western zone where the debts of over 87 per cent of the indebted families exceeded Rs. 100. The southern zone was relatively better where only 10 per cent of the indebted families were having debt over Rs. 100".

इस प्रकार मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और राजस्थान में जो सेम्पल सरवे हुआ है, उससे मालूम होता है कि उन क्षेत्रों में कितनी इंडेटिडनेस है, लोग कितने कर्ज़ में डूबे हुए हैं। प्रश्न यह है कि शासन ने इस बारे में क्या किया है। कुछ भी नहीं किया है।

उपाध्यक्ष महोदय : अब माननीय सदस्य समाप्त करने का प्रयत्न करें।

श्री बड़े : पाध्य महोदय, यह विषय बहुत बड़ाहै, इस लिये इन को दो मिनट में नहीं कहा जा सकता है। यह रिपोर्ट इतनी बड़ी है, जैसे गीता के अठारह अध्याय होते हैं . . .

एक माननीय सदस्य: अठारह अध्याय के लिये अठारह मिनट मिलने चाहियें।

श्री बड़े : . . . . इस लिये मैं इस पर इस प्रकार अपने विचार प्रकट नहीं कर सकता, जैसा कि रामायण के बारे में कहा जाता है : "आदो रामतपोवनादिगमनम्, हत्या मृगं कांचनं वैदेहीहरणं जटायुमरणं, सुग्रीवसंभाषणं एतद्धि रामायणं"।

उपाध्यक्ष महोदय : हर एक मेम्बर साहब ऐसा ही कहते हैं।

श्री बड़े : मैं आप के सामने दो तीन बातें रख कर खत्म कर देता हूं।

जैसा कि मैंने अभी निवेदन किया है, आदिवासियों के सम्बन्ध में एग्रीकल्चर और फ़ारेस्ट की प्राबलम मुख्य है।

इस रिपोर्ट में प्राहिबिशन के बारे में बड़ा सुन्दर लिखा हुआ है। उन लोगों के बारे में कहा जाता है कि वे लोग उत्पन्न होते हैं कर्ज में, ज़िन्दा रहते हैं कर्ज में और मरते हैं कर्ज में। इसी तरह शराब के बारे में कहा जा सकता है कि जब वे उत्पन्न होते हैं, तो उन के मुंह में शराब डाली जाती है और जब कोई आदमी मरता है, तो उस समय भी उस के मुंह में शराब डाली जाती है। प्राहिबिशन के बाद सरकार ने कलाली की दुकानें, शराब बेचने की दुकानें, खोल दी हैं, जहां से सात रुपये में शराब मोल ले सकते हैं। लेकिन अगर वे घर में इल्लिसिट

डिस्टिलेशन करें, तो उन को छः छः महीने की सज़ा दी जाती है और वे लोग कलॉज के पजे में.फंस जाते हैं ।

प्राहिबिशन के बारे में कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उस को धीरे धीरे इन्ट्रोड्यूस करना चाहिये, क्योंकि ड्रिंकिंग हैबिट एक दम खत्म नहीं हो सकती ।

जहां तक ट्राइबल ब्लाक्स का प्रश्न है, कहा गया है कि इस साल ७१ मध्य प्रदेश में ब्लाक्स खोले जायेंगे । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इतने बड़े एरिया में, जिस में छब्बीस लाख आदिवासी रहते हैं, मध्य प्रदेश ७१ ब्लाक्स बिल्कुल अपर्याप्त हैं । यह भी कहा गया है कि जहां पर ६६ परसेंट इस प्रकार की पापुलेशन हो, वहां ही ये ब्लाक्स खोले जाने चाहियें । लेकिन प्रश्न यह है कि जहां शिड्यूल्ड एरिया न हो, वहां क्या होने वाला है । मैं समझता हूं कि इस सम्बन्ध में जो काइटेरियन रखा है, वह ग़लत है ।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य अब समाप्त करें ।

श्री बड़े : मैंने अभी बहुत सी बातें कहनी हैं ।

Mr. Deputy-Speaker: We are short of time. The number of Members wishing to speak is very large.

Shri Sonavane: Giving 7 minutes only keeps everybody hungry.

Mr. Deputy-Speaker: Then not more than two or three Members can speak.

Shri Sonavane: We cannot make our points within that time.

श्री बड़े : एक प्वायंट कह कर मैं खत्म कर देता हूं ।

इस सदन को मैं नोट आफ़ वार्निंग देना चाहता हूं कि अमरीका और जर्मनी से आए हुए फ़ारेन मिशनरीज़ की कार्यवाहियों पर रोक लगाई जानी चाहिये । वे लोगों को दवाइयां देते हैं और धर्म सिखाते हैं । हम ने देखा है कि वे तीन चार सौ रुपये में बच्चे मोल लेते हैं । अगर फारेन मिशनरीज़ की कार्यवाहियों को बन्द नहीं किया जायगा, तो आदिवासी सेवा संघ आदि सब संस्थाओं का काम फ़िज़ूल हो जायगा । मैं इंडियन क्रिस्टियन मिशनरीज़ के खिलाफ नहीं हूं । वे हमारे साथ आयें और अपना धर्म लोगों को सिखायें । हम भी अपना धर्म सिखायेंगे और हम देख लेंगे कि कौन सा धर्म बड़ा है । लेकिन, जैसा कि मैंने आप को बताया है, वे लोग तीन चार सौ रुपये में बच्चे मोल लेते हैं और उन को पढ़ाते हैं । मैं स्वयं वहां से चार पांच बच्चों को वापस भगा कर लाया हूं । इस बारे में नियोगी कमीशन की रिपोर्ट में लिखा गया है कि यदि फ़ारेन क्रिस्टियन मिशनरीज़ की कार्यवाहियों को बन्द नहीं किया जायगा, तो शासन का लोगों को कट्टर देशभक्त बनाने का लक्ष्य पूरा नहीं होगा, आदिवासियों में पृथकता की भावना पैदा होगी और देश का डिस-इन्टेग्रेशन होगा । इसलिये इस हाउस से मेरी बिनती है कि फ़ारेन क्रिस्टियन मिशनरीज़ के कार्य को तुरन्त बन्द किया जाना चाहिये ।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री माणिक्य लाल वर्मा ।

श्री बड़े : मेरी बिनती है कि जिस माननीय सदस्य को बुलाया जाये, उस को कम से कम पंद्रह मिनट दिये जाने चाहियें । बाकी माननीय सदस्य सेक्रिफ़ाइस करने के लिए तैयार हैं ।

श्री मा० ला० वर्मा (चित्तौड़गढ़): उपाध्यक्ष महोदय, कल हमारे होम मिनिस्टर साहब के भाषण और ट्राइबल लोगों के बारे में उन की घोषणा से हम को संतोष हुआ । उस में एक कमी रह गई है, जिस का स्पष्टीकरण नहीं हुआ है और वह है फ़ारेस्ट कोआपरेटिव सोसाइटी । आदि-

lication of 'Gram –

वासियों में पूरी खेती की जमीन नहीं है और वे लोग पहाड़ियों में रहते हैं । उनकी सारी इकानोमी और आर्थिक व्यवस्था का दारोमदार जंगलों पर ही है । अगर उन के जीवन-निर्वाह का कोई ज़रिया हो सकता है, तो वह फ़ारेस्ट है ।

जैसा कि कल डा० उइके ने कहा, फ़ारेस्ट्स के बारे में स्थिति यह है कि राइट्स को कनसेशन में बदल दिया गया है । और वह दरअस्ल था राइट । आज यह कहा जा रहा है कि जंगलों का विनाश हो गया लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि जंगलों का विनाश हुआ है ठेकेदारी प्रथा से । पहले जंगलों पर सरकार का कोई अधिकार नहीं था । जो कुछ भी उस की आमदनी थी, उस का लाभ आदिवासी लेते थे । १८८४ में उस को कानून की शक्ल दी गई और उन राइट्स को कनसेशंज और प्रिविलेजिज में बदल दिया गया । आज उन लोगों को बहुत परेशानी है । अगर आदिवासियों को यह पता हो कि जिस जंगल में वे रहते हैं, जिस को उन्होंने सदियों से उगाया है, वह हमारे लिये नहीं है, तो चाहे कितने भी फ़ारेस्ट गार्ड्ज रखे जायें, और उन्हें उस जंगल में कुल्हाड़ी नहीं ले जाने दी जाये फिर भी दरख्त को पैदा नहीं होनें देंगे । वे लोग यह कर सकते हैं । लेकिन जिस समुद्र में वे रहते हैं, उस में उन को पानी पीने का अधिकार नहीं है । वहां से उन को जलाने के लिये लकड़ी नहीं मिलती, मकान के लिये लकड़ी नहीं मिलती. मुर्दा जलाने के लिये लकड़ी नहीं मिलती । आदिवासी यह मानता है कि :

चमन को इसीलिये माली ने खूं से सींचा था
कि उसकी अपनी निगाहें बहार को तरसें ।

आदिवासी को इस बत का पता नहीं था कि उसने जो जंगल खड़ा किया है उस का लाभ उस को नहीं मिलेगा, अगर उस को यह पता होता, तो वह कभी दरख्त पैदा नहीं होने देता ।

उपाध्यक्ष महोदय, इस के बाद मैं यह कहना चाहता हूं कि कोआपरेटिव मूवमेंट चालू होनी चाहिये और ठेकेदार जंगलों से निकाल दिये जाने चाहियें, और उन्हें जंगल का कोई ठेका नहीं देना चाहिए । अगर संविधान में हम ने समाजवाद की स्थापना की व्यवस्था की है, , समाजवाद का नारा लगाया है, तो उस के लिए यह ज़रूरी है कि सैंटर की तरफ़ से स्टेट्स के नाम यह आर्डर जाना चाहिए कि कोई ठेकेदार जंगलों के लिए नहीं रहेगा और वह काम आदिवासियों के कोआपरेटिव को दिया जायेगा ।

लेकिन केवल को-आपरेटिव सोसायटी ही काफी नहीं है । डा० राम सुभग सिंह को हम ने लिखा था कि जंगल को-आपरेटिव्ज को एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट की तरफ़ से लोन नहीं मिलता है, क्योंकि एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट ने जंगल को एग्रीकल्चरल परपज ही नहीं माना है । मुझे इस बात पर ताज्जुब होता है । अगर फ़ारेस्ट नहीं होगा, तो खेती कैसे होगी, अन्न कैसे पैदा होगा ? चूंकि फ़ारेस्ट को एग्रीकल्चरल परपज नहीं माना गया है, इस लिए को-आपरेटिवज को न तो बैंक से और न स्टेट से ही कोई कर्जा मिलता है । आदिवासियों के पास पैसा नहीं है । । जो १७ हज़ार २० हज़ार, ५० हज़ार की रायल्टी ली जाती है, वह आदिवासी बेचारा कहां से लाए ? इस लिए मेरी दरख्वास्त है कि फ़ारेस्ट को-आपरेटिव सोसायटी को लोन मिलना चाहिए, चाहे वह बैंक से मिले, स्टेट से मिले, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट से मिले, कहीं से मिले, लेकिन लोन ज़रूर मिलना चाहिए

इस के बाद प्रासेसिंग इंडस्ट्री का प्रश्न भी आता है । आज खादी ग्रामोद्योग कमीशन में एक नियम है कि वह खादी के सरंजाम का पैसा देता है । सरंजाम के माने हैं चर्खा और अम्बर चर्खा । आज हजारों तहसीलों में जंगल

[श्री मा० ला० वर्मा]

नहीं हैं और इसलिये किसानों को खेती के औजार लकड़ी के मिलते नहीं हैं। फारेस्ट की कोआपरेटिव सोसायटीज हल, जुआ और चौ आदि खेती के औजार, एग्रीकल्चरल-इम्प्लीमेंट्स, बना कर बेचे जायें, तो लाखों रूपये का लाभ उन्हें हो सकता है।

खादी ग्रामोद्योग कमिशन खेती औजार बनाने के कारखानों को ग्रामोद्योग में शुमार नहीं करता है। कोई भी नहीं मानता है। इसलिए यह व्यवस्था की जानी चाहिये कि इस उद्योग को लोन मिलें और उनकी सोसाइटीज को तीन साल तक करीब करीब सहायता मिले और अगर वहां पर कोई टैक्नीकल आदमी रहे तो उसका खर्चा भी तीन बरस तक सोसाइटी को सरकार फ्री दे। जितना आपका यह फरनीचर है और जितनी लकड़ी का इस हाउस को बनाने में प्रयोग किया गया है यह सारी की सारी लकड़ी वहां से सप्लाई की जा सकती है। आदिवासी जितना फरनीचर है, जितनी इमारती लकड़ी है, जितनी गोंद है, शहद है, मूसली है, वनस्पति है, आयुर्वेद की औषधियां हैं, जितनी भी यें चीजें हैं, सप्लाई कर सकते हैं। अगर इनको लेने की व्यवस्था हो जाए तो तो उनका शोषण बन्द हो सकता है। मैं भी दरख्वास्त करूंगा कि कोआपरेटिव सोसाइटीज के साथ साथ जो उसकी प्राग्रेसिंग इंडस्ट्रीज हैं वे भी चालू की जानी चाहियें ताकि उनको राहत मिल सके।

14 hrs.

माननीय श्री बसुमतारी साहब जो कि कमिशन के मैम्बर थे इन्होंने मुझे याद दिलाया कि आंध्र प्रदेश में फाइनेंस कोआपरेटिव एंड डिवेलेपमेंट कारपोरेशन है जो कि आदर्श रूप से कार्य कर रही है मैं इसको मानता हूं कि वह बहुत ही अच्छा काम कर रही है। वहां आदिवासी अपनी बनाई हुई चीज लाते हैं और उस के बदले जिस चीज की उनको आवश्यकता होती है, ले जाते हैं। वे शहद लाते हैं। और उसके बदले में उनको अगर कपड़ा चाहिये होता है तो कपड़ा ले जाते हैं, गोंद लाते हैं, उसके बदले अगर उनको नमक चाहिये होता है तो नमक ले जाते हैं। इस प्रकार से आदिवासियों का जो शोषण है वह वहां बन्द हो गया है। हिन्दुस्तान में शोषण-मुक्ति का का अगर कहीं कोई नमूना आपको देखना हो तो आप आंध्र में जा कर देख सकते हैं। उसी प्रकार की कारपोरेशंज सारे हिन्दुस्तान के आदिवासी क्षेत्र में आप बनां दें। मैं तो कहूंगा कि हर दस हजार की आबादी जहां हो और जहां पर जंगल हों वहां एक एक कारपोरेशन बना दिया जाना चाहिये ताकि आदिवासियों को राहत मिल सके। मैं समझता हूं कि जब तक ठेकेदारी प्रथा का खात्मा नहीं किया जाएगा तब तक कुछ नहीं हो सकेगा।

मैं आपको यह भी बतलाना चाहता हूं कि जितने भी डिपार्टमेंट हैं उन में अगर कोई मनहूस डिपार्टमेंट है तो वह फारेस्ट डिपार्टमेंट है। हिन्दुस्तान में जहां जहां भी हमारा कमिशन गया, वहां पर उसको यह चीज देखने को मिली। मैं आपको यह भी बतलाना चाहता हूं कि यही एक कमिशन ऐसा था जो ढेबर भाई की अध्यक्षता में बिठलाया गया था जो कि पैदल घूमा है। जितने भी दूसरे कमिशन इस देश में कायम हुए हैं वे राजधानी तक ही गए होंगे या फिर डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर्ज तक ही गए होंगे मगर हमारा जो कमिशन था वह २८-२८ मील पैदल गया है, जंगलों में जा कर घूमा है। किसी भी कमिशन का चेयरमैन आपको ऐसा नहीं मिलेगा जो पैदल गया हो। गांव गांव और जंगल जंगल भटका है और वहां पर इसने धूनी रमाई है।

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप खत्म करें।

श्री मा० ला० वर्मा : आप कह रहे हैं कि मैं बैठ जाऊंगा। मेरी तो दरख्वास्त थी कि समय को आप बढ़ायें। फिर भी कुछ बातें कह कर समाप्त कर दूंगा।

जितनी भी नान-आफिशल एजेंसीज हैं, उन को काम करने में बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। जो छात्रवृत्तियां मिलती हैं कालेजों के लड़कों को छात्रवृत्तियां मिलती हैं, व साल साल बाद मिलती हैं। उन्हें एडवांस मिलने की व्यवस्था क्यों नहीं की जाती है, यह मेरी समझ में नहीं आया है। मैं आपको राजस्थान की बात बतलाना हूं। वहां पर कालेज में दो लड़के पढ़ने के लिए गए, एक टैक्नीकल साइड में गया और दूसरा एग्रीकलचर साइड में। इन दोनों को साल भर छात्रवृत्तियां नहीं मिलीं और इसका नतीजा यह हुआ कि वे बेचारे वापिस आ गए, वहां पर टिक नहीं सके। टिक भी कैस सकते थे ? उन के पास इतना पैसा ही कहां होता है। छात्रवृत्तियों का ठीक इंतजाम नहीं है। मैं चाहता हूं इस ओर भी आप का ध्यान जाना चाहिये। साथ ही साथ जो नान आफिशल एजेंसीज हैं, उनको साल साल या छः छः महीने के बाद पैसा मिलता है। क्यों नहीं उनको एडवांस पैसा दे दिया जाता है, यह बात मेरी समझ में नहीं आती है। ये जो छात्रवृत्तियों में कंजूसी दिखाई जाती है, और कमी की जाती है यह भेद भाव बन्द होना चाहिये।

मैं आपको एक और बात बतलाना चाहता हूं। एक जगह हमें एक साहब ने कहा कि इन छात्रों के लिए खाट क्यों देते हो, चारपाइयां क्यों इनको देते हो, इनकी आदत इस से खराब हो जाएगी। मैं ने उन से कहा कि तुम्हारे बच्चे जब खाट पर सोते हैं तब तो उनकी आदतें खराब नहीं होती हैं लेकिन जब ये सोते हैं तो इनकी आदतें खराब हो जाती हैं। मैं आपको यह भी बतलाना चाहता हूं कि हमारे आदिवासियों के पास आपको बिस्तर चाहे न मिले, कपड़ा चाहे न मिले, लेकिन खाट जरूर मिलेगी।

उनको सामान देने में जो कंजूसी बरती जाती है, मैं चाहता हूं कि यह भी बन्द हो। जहां तक नान-आफिशल एजेंसीज का सम्बन्ध है, उन के बारे में भी, आप थोड़ी सी उदारता दिखायें। उन के वक्त पर और अच्छा पैसा मिलना चाहिये।

आप घंटी बजाते जा रहे हैं जिस के कारण मुझे अपना भाषण समाप्त करना पड़ रहा है और मेरे दिल के जो अरमान हैं, व दिल में ही रह जाएंगे। इस वास्ते मैंने पहले ही दरख्वास्त की थी कि और अब फिर करता हूं कि इसको आप लम्बा बढ़ायें और हमें काफी समय बोलने के लिये दें। अब जितना समय दिया गया है उस में अधूरी बात ही मैं कह सका हूं और सारी की सारी मांगों को आपके सामने पेश नहीं कर सका हूं।

श्री विश्राम प्रसाद (लालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि हमारी इस जनतंत्र की सरकार ने पंद्रह साल के भीतर इन शैड्यूल्ड ट्राइब्ज के ऊपर एक कमिशन बिठाया और एक रिपोर्ट तैयार करवाई। एक माननीय सदस्य ने कहा कि यह गीता है। जिस तरह से गीता को कोने में रख दिया जाता है उसी तरह से इसका भी किसी कोने में न रख दिया जाए, इसका मुझे बहुत डर है, ऐसी आशंका मुझे होती है। यह जो रिपोर्ट है यह इतनी डिटेल्ड है और इतनी डिटैल्ड स्टडी के बाद इसको लिखा गया है और इतनी ज्यादा रिकमेंडेशंज इस में दी हुई हैं कि मुझे शंका होती है कि शायद हमारी सरकार इसको कार्यान्वित भी कर सकेगी या नहीं कर सकेगी।

एक बात जो मैंने इस रिपोर्ट में देखी और जिसको मैं आपके सामने भी रखना चाहता हूं यह है कि इस में यू० पी० का नामोनिशान नहीं है। हालांकि थोड़ा सा रिपोर्ट में माना गया है लेकिन वहां की सरकार उसे नहीं मानती है उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर इलाके की बैगा, चेरो, गोंड, मझवार, खखार, भुइयां, पनिका, कोल, धांगर और देहरादून उत्तरकाशी की जौनसार, बवारस जातियां शैड्यूल्ड ट्राइब्ज में आती हैं। मैं इस कमिशन के चेयरमैन ढेबर भाई को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इतनी विस्तृत थारो स्टडी कर के यह रिपोर्ट बनाई है और इस में कोई शक नहीं है कि इसके लिए उन्होंने बहुत सख्त मेहनत की है।

[श्री विश्राम प्रसाद]

उपाध्यक्ष महोदय, शैड्यूल्ड ट्राइब्ज को जब मैं देखता हूं तो मुझे अमरीका के रेड इंडियंज की याद हो आती है। रेड इंडियंज को अमरीकनों ने लड़ाई के जमाने में मार मार कर जंगलों में भगा दिया था और इसी तरह से यहां के आदिवासियों का भी घर बार जंगल ही है। लेकिन रेड इंडियंज का वहां जो जंगल है, उन के ऊपर पूरा अधिकार है, वे जंगलों को लकड़ी ले सकते हैं, घर बना सकते हैं, खेती कर सकते हैं, उस के अन्दर जो भी मिनरल्ज निकल सकते हैं, उस पर उनका अधिकार होगा लेकिन यहां भारत के आदिवासी जंगलों में तो रह सकते हैं लेकिन वहां पर उनका कोई किसी किस्म का अधिकार नहीं माना जा सकता है। अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि जंगल की कोई भी सामग्री वे इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। यह दोनों में अन्तर है।

पापुलेशन जो इस में उनकी लिखी हुई है, वह २,२५,११,८५४ यानी ६.२३ परसेंट लिखी हुई है। इस में यह भी बताया गया है कि इन में से ९०.५ परसेंट आदमी खेती में लगे हुए हैं। मैं ज्यादा इस के बारे में कुछ नहीं कह कर जो इनकी वित्तीय हालत है, जो कर्जा इन के सिर पर है, उस के कुछ आंकड़े आपके सामने रखना चाहता हूं।

राजस्थान में कर्ज का नाम सगरी है, आंध्र में बेटी है, उड़ीसा में गांधी है, मैसूर में जीधा है, मध्य प्रदेश में नौकरी नामा है जिन लोगों को कर्ज दिया जाता है और जो उस कर्ज के बदले में आते हैं, उनको कहीं कहीं खाना दिया जाता है और कई-कई सालों तक, जिन्दगी भर तक और यहां तक कि तीन तीन पुश्तों तक वे कर्ज में डूबे रहते हैं। किसी ने या किसी के ऐंसस्टर्ज ने अगर दो दो सौ रुपया कर्जा भी ले लिया तो उसके लड़के और लड़के के लड़के यानी पोते तक बराबर उस कर्ज के बदले में नौकरी करते रहेंगे और उनको इसके बदले में सिर्फ खाना मिलेगा और साल में २५ रुपये मिलेंगे। इसक मतलब यह हुआ कि दो रुपया महीना यानी एक आना रोज। इस सदन में एक माननीय सदस्य ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में दो आने मजरी का जिक्र किया था तो बहुत से माननीय सदस्य ने हल्ला मच्चा दिया था लेकिन इस जनतंत्र देश में ऐसे आदमी भी हैं, जो कि स्वतंत्रता मिलने के बाद भी और राम राज्य रूपी भारत में आज भी एक आना मजदूरी पाते हैं। यह बहुत भारी शर्म की बात है।

अब मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि कितने परसेंट ये लोग कर्ज से लदे हुए हैं। बिहार में ९० परसेंट कर्जे से लदे हुए हैं। केरल में सौ परसेंट दबे हुए हैं। मसूर में तीन सौ फैमिलीज हैं जिन के बारे में बतलाया गया है कि कर्ज जिसे 'जीठा' कहते हैं, जिन को कई पुश्तों से कर्जों तक बदले में काम करना पड़ रहा है। मद्रास में २००० से २५०० तक प्रति फैमिलीज पर कर्जा है। पश्चिमी बंगाल में सौ से डेढ़ सौ रुपया या दस से पन्द्रह मन अनाज कर्ज फी फैमिली है। आंध्र प्रदेश में पचास रुपये फी फैमिली है। क्योंकि यह फिगर वहां की जिला परिषद् ने दी है जोकि कम ही हो सकती है, ज्यादा नहीं हो सकती है। असम में ६६ परसेंट परिवार कर्ज में हैं, मध्य प्रदेश में प्रति परिवार १३० रुपया कर्जा है, पंजाब में ७० परसेंट परिवार कर्जे में हैं और प्रति परिवार १००० रुपया कर्जा है। राजस्थान में प्रति परिवार १८० से २४० रुपया कर्जा है। तो यह कर्जे की स्थिति है। इस में कर्जे के दावेदार के लिये कहा गया है कि वह समय पर केस दायर करे, अपने कागजात दिखलाये, अगर सबूत न हो तो केस खारिज कर दिया जाए, जबानी गवाही न मानी जाये, सूद की उचित दर तै की जाए और सिम्पिल इंटरेस्ट लिया जाए। लेकिन सोचने की बात है कि ये लोग जंगलों में रहते हैं। सरकारी संस्थाएं उनको कर्ज नहीं देतीं। इस कारण वे इन सूदखोरों से दबे रहते हैं। अगर सरकार उनको कोआपरेटिव सोसाइटी के जरिए

या अन्य तरीके से आसानी से कर्जा देने की व्यवस्था कर दे तो इन की कर्ज की व्यवस्था सुधर सकती है ।

यह बताया गया है कि इन की शिक्षा के लिये पहली योजना में ५ करोड़ १० लाख रुपया, और दूसरी योजना में ८ करोड़ २१ लाख रुपये रखा गया जिस में ११४ लाख खर्च नहीं हो सका और बच रहा। लड़कों को शिक्षा के लिए बाहर भेजा जाता है और उनको वजीफे दिए जाते हैं। ये सभी बातें हैं लेकिन देखना यह है कि शिक्षा पाने के बाद उनको नौकरी कैसे मिलती है। स्टेट व यूनियन पबलिक सरविस कमीशन का एडवरटाइजमेंट कैसे होता है उस में लिखा रहता है :—

"The post is reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes. If suitable candidates are not coming from them, it will be treated as unreserved."

इसको पढ़ कर आप समझेंगे कि इन लोगों के लिए सरकार बहुत कर रही है, लेकिन वास्तव में होता क्या है। आप देख सकते हैं कि इन लोगों की कितनी सीटें भरी जा चुकी हैं, उससे आपको वास्तविकता का पता लग जाएगा। जनता के सामने दिखाया जाता है सरकार बहुत कर रही है लेकिन वास्तविकता और है । मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि आई० ए० एस० में सन् १९५५ में एक आदिवासी लिया गया, सन् १९५६ में १ लिया गया, सन् १९५९ में २ और सन् १९६० में ५ लिए गए । इस तरह आज तक कुल ९ आदिवासी आई ए० एस० में लिए गए हैं, और आइ० पी० एस० में केवल ३ । इसके अलावा आप देखें कि क्लास १ की ११,३७८ जगहों में से २३ आदिवासियों को मिलीं, क्लास २ की २२,२१३ जगहों में से इनको १६२ जगहें मिलीं और क्लास ३ की ८,६९,२२१ में से आदिवासियों को ८,१६८ जगहें मिलीं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अगर वास्तव में आपको इन लोगों को इनका उचित स्थान दिलाना है तो पोस्ट एडवरटाइज हों .

Mr. Deputy Speaker: The hon. Member's time is up.

Shri Surendranath Dwivedy (Kendrapara): Sir, he must be given 20 minutes.

Mr. Deputy-Speaker: This is not done according to the parties.

Shri Surendranath Dwivedy: It is always given to the Opposition; it may not apply to that Party. If you do like this, it will be a departure from the usual practice.

Mr. Deputy-Speaker: Nobody has taken more than ten minutes; even the Communist Party Members have not taken more than that.

Shri Surendranath Dwivedy: I am not saying about the Communist Party; I am saying that he should be given more time.... (*Interruptions*).

Shri Hari Vishnu Kamath (Hoshangabad): Sir, in all discussions of this nature, or even otherwise, time is apportioned as between the Congress Party Benches and the Opposition as a whole.

Mr. Deputy-Speaker: I am talking of Opposition as a whole.

Shri Surendranath Dwivedy: Let us know how much time has been taken and how it has been divided..... (*Interruptions*).

Shri Basumatari: One hour is taken by the hon. Members. The Chair is not responsible for that, if Members take more time. Some Members are responsible for that and they do not also allow the discussion to proceed.

श्री विश्राम प्रसाद : तो मैं कह रहा था कि अगर आप नौकरियों में इन लोगों को उनका उचित स्थान देना चाहते हैं तो आपको इस प्रकार का प्रोपेगेंडा करना चाहिए कि इन लोगों के लिए इतनी सीटें हैं और इतने कैंडीडेट चाहिए। सरकार को इस विषय की

[श्री विश्राम प्रसाद]

पीछे नहीं डाल देना चाहिए । अभी हमने देखा कि शिड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर की रिपोर्ट को आगे के सेशन के लिए डाल दिया गया और कल से जो यह रिपोर्ट चल रही है इसके लिए भी कहा जाता है कि इसको हटा दिया जाए और आगे लिया जाए । आपको अगर महात्मा गांधी का स्वप्न पूरा करना है तो आदिवासियों को नौकरियों में उचित स्थान देना चाहिए । केवल रिपोर्ट बना देने से कोई काम नहीं चल सकता और न उनकी समस्या हल हो सकती है । आपको इस बारे में दृढ़ता से कदम उठाने चाहिएं जिसमें इनकी तरक्की हो सके । केवल रिपोर्ट बना देने से मतलब हल नहीं होता ।

एक माननीय सदस्य : पर रिपोर्ट भी होनी चाहिए ।

श्री विश्राम प्रसाद : अब मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं ।

इन लोगों की शिफ्टिंग खेती होती है । कुछ समय से ये लोग एक जमीन पर खेती करते हैं और कुछ समय बाद दूसरी पर । फारेस्ट विभाग कहता है कि इससे साइल इरोजन होता है । मैं किसान होने के नाते कहता हूं कि साइल इरोजन नहीं होता । जब उस जमीन पर घास जमी हुई है तो साइल इरोजन कैसे हो सकता है ।

जमीन पर इन लोगों का अधिकार होना चाहिए । उनको बीज की, खाद की, फरटीलाइजर की सहूलियतें मिलनी चाहिएं उनके लिए लैंड टेन्योर सिस्टम में सुधार होना चाहिए ताकि उनका जमीन पर अधिकार रहे । जंगल के जो उनके अधिकार हैं वे सुरक्षित रखे जाने चाहिए ।

उनके लिए स्कूल खोले जा रहे हैं । यह ठीक ही है । इसमें दो राए नहीं हो सकतीं ।

फारेस्ट प्रोड्यूस पर उनका जो अधिकार है वह उनको मिलना चाहिए । यदि वे लोग ठेका ले सकें तो किसी अन्य ठेकेदार के मुकाबले उनको ठेका मिलना चाहिए । ये ठेकेदार लोग आ कर ठेके लेते हैं, इन लोगों से ही काम करवाते हैं और इस सिलसिले में इनकी औरतों के साथ व्यभिचार आदि होता है और अन्ततः ये गरीब के गरीब ही रहते हैं ।

इसके अतिरिक्त वहां कुछ उद्योग चलाए जा सकते हैं जैसे शीप फारमिंग, एनीमल हसबेंडरी आदि हैं जिनसे उनकी आर्थिक दशा सुधर सकती है ।

अब मैं शिड्यूल्ड कास्ट कमिश्नर के दफ्तर के विषय में कुछ कहना चाहता हूं । मैं उसको पोस्ट आफिस कहता हूं । अगर उनको कोई अर्जी दी जाती है तो वह फारवर्ड कर देते हैं, उसकी कोई सुनवाई नहीं करता । इतना काम तो हम किसी मिनिस्ट्री के द्वारा भी करवा सकते हैं ।

अन्त में मेरी यह प्रार्थना है कि अगर आपको कुछ इनके लिए करना है तो हृदय से करिए । श्री दातार इस समय यहां नहीं हैं । मेरा उनके लिए एक सजेशन है । उनको चाहिए कि बजाय इस मिनिस्ट्री में काम करने के उनको शिड्यूल्ड ट्राइब वेलफेयर के काम में लग जाना चाहिए, उसमें वह ज्यादा काम कर सकेंगे ।

Shrimati Renuka Ray: Mr. Deputy Speaker, I think it is necessary for us to remind ourselves, before we discuss this report, why this Commission was appointed. Article 46 of the Constitution says that "the State shall promote with special care the education and economic interests of the weaker sections of the people and in particular of the Scheduled Castes and Tribes and shall protect them from social injustice and all forms of exploitation." Article 339 speaks of this Commission to review the progress. This Commission sent in its report in October 1961. Every one will acknowledge that under the leadership of Dhebar Bhai this Commission has given a very extremely thought-provoking report. They have studied the subject in great detail. I think it is scant courtesy that we give to the authors of this report

and to this House itself that in the last hour of the last day of this session we are discussing this report and the time that is given to it is being reduced. I am not blaming the Minister in charge. But the Home Ministry should have insisted that this matter is of such great importance that we should not deal with it in this scant fashion. The Commission has taken so much trouble to draw up this report. The House should take proper counsels and get the suggestions implemented. I say this more because there have been committees earlier which have dealt with this problem . . .

Mr. Deputy Speaker: I think the hon. Member will do well to come to the report. This matter has been raised earlier and the hon.. Speaker had also mentioned about it.

Shrimati Renuka Ray: I know. I will come to the point. I merely say that there is very little time to go into the details. I am merely making one or two points about the report. First of all, there have been many reports in regard to some of the aspects of this Commission's report. Therefore, I am all the more diffident as to whether the implementation of this report will take place. But I hope that at least considering the stature of the chairman of this Commission, the recommendations of this Commission will be implemented properly. But as I said, there have been many committees and commissions which have touched on many of the problems contained in this report, and indeed, we have discussed here the report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes year after year, and yet we find that the essential things are not implemented. I do not say that no work has been done. That would be wrong. But I say that the manner in which the work is implemented does not bring about the objectives which I just now read out.. We want to improve the conditions of the people so that there should be national integration. But we do not want to impose anything on them. This has been stated in the report of the Commission, and yet the manner in which we approach the subject, the way in which it is implemented, is not satisfactory. I am afraid we are trying to segregate these people more and more. I do not say that Scheduled Areas should be given up. But I do say that the whole objective of bringing about improvement, economic and social, in the Scheduled Areas and among the Scheduled Tribes should be carried out in such a way that they should gradually come into line with the national development of the country as a whole.

That is not done. I do not say that the money allotted for this purpose is less. I know there are large sums given. But the sum is not always spent in the way it ought to be spent. This report has pointed out that there is an attempt on the part of many State Governments to think that this money is not used to supplement but is the total amount spent on the Scheduled Tribes. On the other hand, what is required is that this amount should supplement the help that tribals also get from what is being done for the general development.

The time at my disposal is very little and I shall make only a very few points. I think the economic criteria should be established not only in regard to the Scheduled Tribes as a whole but in regard to the different layers of Scheduled Tribes as has been mentioned in the report of the Commission. At the beginning of the report, the Commission says:

> "Amongst the tribals also we have been able to notice four different layers. At one stage we were thinking of preparing a list. For lack of adequate data, however, we dropped the idea."

They have said that the topmost layer of these people are not in need of help, but yet, if you go into some of these reports, you will find that the scholarship and other measures of improvement go to the topmost layer. Though they are able to help themselves, they get more help than

[Shrimati Renuka Ray]

the lowest layers among themselves who are the most backward among the Scheduled Tribes. Unless we can utilise the funds among the lowest layers of these people in order that they come into line with the rest of the people as a whole, the money that is being spent on them will not have been spent in the right way.

